भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2583
मंगलवार, 19 दिसंबर, 2023/28 अग्रहायण, 1945 (शक) को उत्तरार्थ

बैंक मित्र

2583. श्री विनोद कुमार सोनकर:

क्या **सहकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या 'बैंक मित्र' सहकारी समितियाँ महिलाओं और पिछड़े वर्गों के विकास में योगदान दे सकती हैं; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यह किस प्रकार से उक्त योगदान करेंगी ?

उत्तर
सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

(क) और (ख): जी हां मान्यवर, बैंक मित्र, प्राथमिक सहकारी समितियां जैसे डेयरी और मत्स्य पालन आदि अपने सदस्यों, विशेषकर जो लगभग 60 लाख महिला सदस्यों और पिछड़े वर्ग से आते है, को डोर स्टेप बैंकिंग सुविधा और व्यापार करने में आसानी प्रदान करके विकास में योगदान दे सकते हैं।

बैंक मित्र सहकारी समितियाँ अपने सदस्यों को डोर स्टेप बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करके निम्नलिखित सुविधा प्रदान करती हैं:

i. खाता खोलना
ii. नकद जमा
iii. नकद निकासी
iv. फंड ट्रांसफर
v. बैलेंस पूछताछ
vi. मिनी स्टेटमेंट
vii. प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) का नामांकन
viii. प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) का नामांकन
ix. अटल पेंशन योजना (एपीवाई) का नामांकन
x. आईएमपीएस
xi. बैंक द्वारा अनुमोदित सीमा तक वसूली
xii. एनईएफटी

xiii. सावधि जमा/आवर्ती जमा खोलना
xiv. नई चेक बुक के लिए अनुरोध
xv. चेक का भुगतान
xvi. चेक जारी की स्थिति
xvii. सावधि जमा/आवर्ती जमा का नवीनीकरण
xviii. डेबिट कार्ड ब्लॉक करना
xix. शिकायतें लॉन्च करना
xx. शिकायतों को ट्रैक करना
xxi. एसएमएस अलर्ट/ई-मेल विवरण के लिए अनुरोध (यदि मोबाइल नंबर/ई-मेल पहले से पंजीकृत है)
xxii. जीवन प्रमाण (आधार सक्षम) के माध्यम से पेंशन जीवन प्रमाणपत्र प्रमाणीकरण
xxiii. रुपे डेबिट कार्ड आदि के लिए आवेदन।

सहकारिता मंत्रालय की पहल पर, गुजरात के बनासकांठा और पंचमहल जिलों में एक पायलट परियोजना शुरू की गई है जहां ज़िला केंद्रीय सहकारी बैंक द्वारा 1,723 नए बैंक मित्र बनाए गए हैं और उन्हें माइक्रो-एटीएम प्रदान किए गए हैं। पायलट चरण के दौरान, दोनों जिलों में ग्रामीण सहकारी बैंकिंग क्षेत्र में धन का प्रवाह कुछ ही महीनों में कई गुना बढ़ गया है, जिसे बैंक-मित्रों द्वारा संचालित माइक्रो-एटीएम के माध्यम से लेनदेन की मात्रा और संख्या के संदर्भ में नीचे प्रदर्शित किया गया है :

क्र.सं.	**गतिविधियां**	**जून 2023**	**सितम्बर 2023**	**वृद्धि प्रतिशत**
1.	लेन-देन की संख्या	55.6 हजार	196.81 हजार	354%
2.	लेन-देन की राशि	27.76 करोड़ रु.	72.04 करोड़ रु.	260%

******